# आईटीएम में मूर्त रूप में प्रदर्शित हो रही रामचरितमानस

## रामचरित मानस मृदाशिल्प सृजन-2025 कैंप का हुआ समापन
## सबसे निर्णायक तत्व कलाकार की दृष्टि है : डॉ. तोमर



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 12 नवंबर।** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के तुरारी कैंपस में चल रहे 30 दिवसीय 'रामचरित मानस मृदाशिल्प सृजन-2025' कैंप का समापन समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर और प्रख्यात हस्तशिल्पी मुश्ताक खान (सेवानिवृत्त उपनिदेशक, राष्ट्रीय हस्तशिल्प संग्रहालय, नईदिल्ली) विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के डीन अकेडमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर, एसओईटी डीन मुकेश पांडे, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, डिप्टी रजिस्ट्रार अनिल माथुर के अलावा पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा से आए हस्तशिल्पी, मूर्तिकार, कलाकार और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक त्रिपाठी द्वारा किया गया। समारोह में पश्चिम बंगाल के बांकुडा से आए सभी कलाकारों जिनमें मोंटो कुंभकार, बाउदास कुंभकार, महादेव कुंभकार, झंकार कुंभकार, धीरेंद्र पाल, जयदेव कुंभकार, रविंद्रनाथ कुंभकार, राजू कुंभकार, पोतन कुंभकार, चंडीदास कुंभकार सहित 15 कलाकारों का फूलमालाओं से स्वागत कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर इस कैंप के कोऑर्डिनेटर और प्रख्यात हस्तशिल्पी मुश्ताक खान ने कहा कि आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर एक ऐसा संस्थान बन गया है जहां देश में पहली बार रामचरितमानस पर आधारित मृदाशिल्प सृजन कैंप का आयोजन किया गया था। जहां सभी कलाकारों ने उपस्थित होकर 30 दिवस तक एक साधारण मिट्टी को असाधारण रूप प्रदान किया। मिट्टी तो मिट्टी होती है उसे किसी भी रूप में ढाल सकते हैं, लेकिन वह रूप कैसा होगा इसका निर्धारण तो मृदाशिल्पियों के हुनर में होता है। डॉ. रंजीत सिंह तोमर ने कहा कि कला केवल तकनीक या शिल्प कौशल तक सीमित नहीं रहती। कला की राह में सबसे निर्णायक तत्व कलाकार की दृष्टि है। दृष्टि वह अंतर्निहित समझ और भावनात्मक परिप्रेक्ष्य है जिसके जरिए कलाकार अपने विषय, समाज और आत्मा के बीच संबंध देखता और पहचानता है। जब किसी कलाकार की दृष्टि स्पष्ट और सशक्त होती है, तो वही दृष्टि उसके रंग, रेखा, रूपक और प्रदर्शन में अर्थ पैदा कर देती है और साधारण सामग्री भी अर्थपूर्ण बन जाती है।

### मानस के पात्रों पर आधारित 46 मूर्तियों का निर्माण

बांकुडा से आए सभी कलाकारों टेराकोटा से रामचरितमानस के पात्रों पर आधारित 46 मूर्तियों का निर्माण किया गया है। इन मूर्तियों में राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, जामबंद, जटायु सहित अनेक ऐसे पात्र हैं, जो मानव जीवन को वचन, आज्ञा, मार्यादा, सम्मान, मानवता की प्रेरणा दे रहे हैं। संस्थान के तुरारी परिसर में जब यह टेराकोटा से बनी मूर्तियां प्रदर्शित की गईं तो मानों ऐसा प्रतीत हुआ कि रामचरितमानस मूर्त रूप में यहां प्रदर्शित हो रही हो। क्योंकि अभी तक रामचरितमानस काव्य या तो पढ़ा गया है या फिर चल चित्रों के माध्यम से देखा व सुना गया है। लेकिन यह पहली बार है कि किसी शैक्षणिक संस्थान में टेराकोटा की मूर्तियों के माध्यम से इस महाकाव्य के पात्रों को प्रदर्शित कर युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को करीब से जानने के लिए प्रेरित किया जा रहा हो।


IFFCO
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व
Wholly owned by Cooperatives
**किसान भाइयों से अपील**
International Year of Cooperatives 2025
किसान भाइयों, इफको के उन्नत नैनो उत्पाद—नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, आदि—किसी दबाव या अनुचित टैगिंग के प्रभाव में न खरीदें। स्वेच्छा से खरीदें; दबाव डालने पर तुरंत इफको के क्षेत्रीय अधिकारी या जिला कृषि अधिकारी को शिकायत करें या फिर दिए गए टोल फ्री नंबर पर कॉल करें। आपकी सतर्कता हमारी साझा समृद्धि सुनिश्चित करती है। हम सूचित करते हैं की यदि कोई भी विक्रेता सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ टैगिंग करते हुए पाया गया तो इफको उसके साथ सभी प्रकार के व्यवसायिक संबंध समाप्त कर देगी और कड़ी कार्यवाही करेगी।
टोल फ्री न. : 1800 103 1967
मुख्य प्रबंधक
जनसम्पर्क


# एरियर व बोनस भुगतान शीघ्र हो : कोमल सिंह

**नवभारित न्यूज**
**ग्वालियर, 12नवम्बर।** स्वास्थ्य विभाग के अधीन कार्यरत शहर एवं ग्रामीण के विभिन्न शासकीय अस्पतालों में आउटसोर्स कर्मचारी सेवाएं दे रहे जिसमें सपोर्ट स्टाफ, डाटा एंट्री ऑपरेटर, ऑक्सीजन टेक्नीशियन, मल्टी स्किल्ड ग्रुप डी, सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी, बोर्ड बॉय आया एवं अन्य पदों पर आउटसोर्स के अधीन सेवाएं प्रदान कर रहे हैं तीन कंपनियों के अधीन जिनका वेतन भुगतान शर्मा सिक्योरिटी, सनशाइन सिक्योरिटी, राज सिक्योरिटी द्वारा किया जाता है लेकिन इन कंपनियों द्वारा समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है म.प्र.संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया की प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार हर माह की पहली तारीख में भुगतान करने निर्देश है एवं श्रम विभाग के अनुसार 5 तारीख को वेतन भुगतान किया जाना है लेकिन विभाग के अधिकारियों एवं निजी कंपनी की मनमानी के कारण माह अक्टूबर का वेतन अभी तक भुगतान नहीं किया गया है एवं श्रम विभाग द्वारा 1 अक्टूबर 2024 से की गई वेतन पुनरीक्षित दर अनुसार 11 माह का एरियर भुगतान भी नहीं किया गया ना ही बोनस राशि का भुगतान किया गया जिससे अल्प वेतन में कार्य कर रहे जुम्मेदार अधिकारियों द्वारा एवं निजी कंपनियों द्वारा लगातार शोषण किया जा रहा है जिससे कहीं ना कहीं आउटसोर्स स्वास्थ्य श्रमिकों में आक्रोश व्यक्त है। संघ की विभाग के अधिकारियों से मांग है की श्रम विभाग द्वारा किए गए आदेशों का कड़ाई से पालन करें तत्काल वेतन भुगतान एवं 11 माह का एरियर भुगतान एव बोनस राशि भुगतान किया जाए।





# महाराज बाड़े की ऐतिहासिक धरोहरें बनी पर्यटन स्थल

## सांझ ढलते ही विद्युत सजावट से जगमग होती इमारतें शहरवासियों को कर रहीं आकर्षित

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 12 नवंबर।** महाराज बाड़ा ग्वालियर घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर तो था ही जहां अलग-अलग देश की डिजाइन पर आधारित खड़ी एक से एक शानदार इमारतों में हर पत्थर की जैसे अपनी कहानी सुना रहा है, जो सदियों से खड़ी है। शहर की ऐतिहासिक धरोहर पर कुछ खास और आकर्षक विद्युत सजावट की गई है जिससे इन इमारत की खूबसूरती में चार चांद लग गए हैं। बाड़ा पर विद्युत सजावट, स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत, इमारतों पर फसाड लाइटिंग के रूप में की गई है। इस सजावट का उद्देश्य ऐतिहासिक इमारतों की खूबसूरती को उजागर करना है, यह सजावट शहर की खूबसूरती को बढ़ाती है, खास तौर पर त्यौहारों के समय। यहां आने वाले पर्यटक ही नहीं बल्कि ग्वालियर के लोगों को भी अपनी तरफ आकर्षित करती हैं। महाराज बड़ा शॉपिंग करने और घूमने आने वाले लोग अब परिवार के साथ इन बिल्डिंगों के सामने खड़े होकर सेल्फी लेते हैं ।

### इन इमारतों पर की गई है फसाड लाइटिंग

महाराज बाड़ा क्षेत्र की कई ऐतिहासिक इमारतों को आकर्षक फसाड लाइटिंग से सजाया गया है। इस सजावट में टाउन हॉल, गोरखी गेट, सरकारी डाकघर और एसबीआई की पुरानी इमारतें जैसी प्रमुख इमारतों को शामिल किया गया है।

**इनका कहना है कि ...**

महाराज बाड़ा पर सौंदर्यकरण एवं विद्यत सजावट से हेरिटेज इमारतों की साज सज्जा में और निखार आया है। प्रशासन महाराज बाड़ा के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए पर्यटकों को लुभाने के लिए सौंदर्यकरण, इमारतों पर विद्युत सजावट के साथ जनसुविधाओं को विकसित करने का निरंतर कार्य कर रहा है।

अनिल राघव
डिप्टी कलेक्टर

## कल निकलेगी सनातन धर्म यात्रा ग्वालियर से वृंदावन तक

**ग्वालियर 12 नवंबर।** ग्वालियर से वृंदावन तक सनातन धर्म यात्रा 14 नवंबर को सुबह ठीक 11 बजे महाराज वाले बड़े हनुमान मंदिर पर श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ शुरू होगी। सनातन धर्म यात्रा का शुभारंभ साधु संत, महंतों एवं सभी राष्ट्रवादियों द्वारा किया जाएगा। मुख्य रूप से सच्चिदानंद ढोली बुआ महाराज, संत कृपाल सिंह महाराज, महंत मनीष विट्ठल अण्णा महाराज, महंत समर्थ तीर्थ महाराज, महंत ऋषभ देवानंद, महंत सतीश शर्मा केदारपुर, सकल ब्राह्मण महासमिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा को आमंत्रित किया गया है। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जयवीर भारद्वाज राम हिंदू सेना के राष्ट्रीय महामंत्री धर्मेंद्र शिंदे ,महंत सतीश शर्मा केदारपुर ने संयुक्त रूप से इसकी जानकारी दी।सनातन धर्म यात्रा में ब्राह्मण, ठाकुर, वैश्य, यादव, जाटव, कुर्मी, प्रजापति , कुशवाहा,जाट,सिन्धी, पंजाबी , मराठा, महाराष्ट्रीयन, गुजराती, बनिया, माली, कोली, नाई, गुर्जर, गौड़, मीणा, भील, पासी, लौहार, बाल्मीकि, मुसहर, निषाद जातियों सहित सकल हिन्दू समाज भागीदारी करेगा। सनातन धर्म यात्रा का मुरैना, धौलपुर,आगरा में भी राष्ट्र भक्तों द्वारा स्वागत होगा। दिल्ली लाल किले मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट की घटना की कटु निंदा करते हुए आतंकियों को शीघ्र पकड़ कर फांसी दिए जाने की मांग की।


**जैन मार्बल एंड कोटा स्टोन**
हमारे यहां साउथ ग्रेनाइट, राजस्थान ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स एवं कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है
डॉ. विनोद जैन
9425360508
पता - ऋतुराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर
गोले का मंदिर भिंड रोड, लीला हॉस्पिटल के पास, ग्वालियर
पारस जैन - 74892 60095



Happy Children's Day
बाल दिवस
के अवसर पर सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं
सभी देशवासियों को (14 नवंबर) Childern Day एवं स्वतंत्र भारत के पहले प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. - 9179416408




# सांघी अग्रवाल पंचायत का दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 12 नवंबर।** ग्वालियर- सांघी अग्रवाल पंचायत का दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट कार्यक्रम गिर्राज धर्मशाला दौलतगंज में संपन्न हुआ। सांघी अग्रवाल पंचायत के अध्यक्ष राकेश बंसल, सचिव मनोज कुमार सांघी ने बताया कि सांघी अग्रवाल पंचायत के संरक्षकगण राधेश्याम, त्रिलोक अग्रवाल , ओम प्रकाश बंसल , राजकुमार बंसल का शाल पहनाकर सम्मान किया गया एवं महिलाओं और बच्चों के लिए हाउजीजी गेम खिलाए गए जिसमें बच्चों एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। अन्नकूट आयोजन में सभी सांघी अग्रवाल परिवार उपस्थित हुए।कार्यक्रम में मुकेश बंसल, गिरीश अग्रवाल ,मुकेश सांघी, लवेश सांघी ,अखिल अग्रवाल, विनीत सांघी ,सचिन अग्रवाल, आदि उपस्थित थे।

# डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने किया रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण

## स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों को जल्द पूरा करें, दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 12 नवंबर।** ग्वालियर-झांसी मंडल के डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने ग्वालियर स्टेशन पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि ग्वालियर स्टेशन के पुनर्निर्माण को मंडल में खास प्राथमिकता दी जा रही है। इसी सिलसिले में उन्होंने स्टेशन के कार्यों की स्थिति और गुणवत्ता को परखा, साथ ही यहां से चलने वाली ट्रेनों के संचालन का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर सुरक्षा संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। डीआरएम ने कहा कि जरूरत पड़ने पर निर्देश जारी होंगे ताकि विकास कार्य समय पर और निर्धारित मापदंडों के अनुसार पूरे हो सकें।,

निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने स्टेशन पुनर्विकास योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया तथा संपूर्ण स्टेशन परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने सभी कार्यालयों, लॉबी, रनिंग रूम, रेलवे सुरक्षा बल कार्यालय, पार्सल कार्यालय, सीएनडब्ल्यू कार्यालय, उप स्टेशन प्रबंधक कार्यालय सहित स्टेशन के प्रत्येक हिस्से का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को बेहतरी सम्बंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने कैटरिंग स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा विक्रेताओं को निर्धारित दर पर वस्तुएँ बेचने एवं बिल प्रदान करने के सख्त निर्देश दिए। कोचिंग डिपो तथा स्टेशन यार्ड का भी सघन निरीक्षण किया । इस अवसर पर श्री कुमार ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत ग्वालियर रनिंग रुम परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहने को कहा। स्टेशन परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पुराने व अनुपयोगी सामग्रियों के त्वरित निस्तारण तथा परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं यात्रियों के लिए अनुकूल बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने सर्कुलेटिंग क्षेत्र के साथ-साथ आर आर आई केबिन में संरक्षा मानकों तथा मल्टी फंक्शनल काम्प्लेक्स का सघन निरीक्षण किया और यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजिनीयर (परिचालन) श्री शिवम् श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री गिरीश कंचन, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम इंजिनीयर (मेन लाइन) श्री आशीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त विवेकानंद नारायण, वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) अजय कुमार, उप मुख्य अभियंता ग्वालियर सुधीर कुमार, मंडल परिचालन प्रबंधक उर्वशी शेखावत, मीना, सहित अन्य मंडल अधिकारी एवं रेलकर्मी उपस्थित रहे।


**डॉ. कुमार क्लीनिक**
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460


# जेयू : युवा उत्सव में 5 जिलों से आए दलों ने किया कला कौशल का प्रदर्शन

## युवा उत्सव युवाओं के उत्साह का उत्सव - प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 12 नवंबर।** जीवाजी विश्वविद्यालय में बुधवार से तीन दिवसीय अंतर जिला विवि स्तरीय युवा उत्सव की शुरूआत हो गई। पहले दिन 9 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजा मानसिंह संगीत एवं कला विवि की कुलगुरू प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता जेयू के कुलगुरू डॉ.राजकुमार आचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.साधना श्रीवास्तव उपस्थित रहीं ।प्रो.जेएन गौतम के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।इस मौके पर प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि युवा उत्सव युवाओं के उत्साह का उत्सव है, युवाओं की शक्ति का उत्सव है ।हर व्यक्ति में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है ।समस्त विधाओं को युवाओं के माध्यम से प्रदर्शित करना युवा उत्सव है। युवा उत्सव कुछ ना कुछ अवश्य सिखाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ.राजकुमार आचार्य ने कहा कि युवाओं के बीच में रहोगे तो युवा बने रहोगे। युवाओं को आगे बढ़ाना है तो इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। मेरे शब्दकोष में हार जीत नहीं बल्कि सफल और असफल क्योंकि व्यक्ति असफलता से ही सफलता की ओर बढ़ता है। कुलसचिव प्रो.राकेश कुशवाह ने कहा कि युवा उत्सव से एक नई ऊर्जा का संचार होता है। आन द स्पॉट पेंटिंग के माध्यम से छात्रों ने भारतीय ग्रामीण परिवेश को दिखाया जिसमें पुराने पानी के कुंए, तालाब और स्वच्छ वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर प्रो.विवेक बापट, प्रो.एसएन मोहापात्रा, प्रो.हेमंत शर्मा, प्रो.एसके सिंह, डॉ.सपन पटेल, प्रो.डीसी गुप्ता, प्रो.एमके गुप्ता, डॉ. विमलेंद्र सिंह राठौर, डॉ.बलवीर सिंह गुर्जर सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिकारी कर्मचारी सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आदर्श व आभार व्यक्त प्रो. जेएन गौतम ने किया।

**आज होंगे ये आयोजन**

युवा उत्सव में गुरूवार को प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें एकांकी, स्किट (हास्य नाटिका), माईम (मूक अभिनय), मिमिकी (उपहास सहित अनुकरण), शास्त्रीय एकल वादन (परकुशन), शास्त्रीय एकल वादन (नॉन-परकुशन), कार्टूनिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिताएं सुबह 11:00 बजे से शुरू होंगी।

## घर से बिना बताये गायब हुई नाबालिग बालिका पुणे मे मिली

ग्वालियर। सुनील (परिवर्तित नाम) निवासी गिजोर्रा दोपहर को वह अपने घर पर आराम कर रहा था। उसी समय उनका लड़का खेत से घर आया और उसने कहा कि बहिन जूही (परिवर्तित नाम) उम्र 17 साल घर में नहीं दिख रही है तो दोनों ने लड़की को घर में व गांव में आसपास सब जगह ढूंढा लेकिन वह नहीं मिली। तब थाने मे रिपोर्ट कराते हुए बताया कि मुझे शक है कि कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी लड़की को बहला फुसलाकर ले गया है। विवेचना में थाना गिजोर्रा पुलिस की टीम को तकनीकी सहायता के आधार पर उक्त अपहृत नाबालिग बालिका पुणे महाराष्ट्र में होना ज्ञात हुआ। जिस पर पुलिस टीम उक्त अपहृत नाबालिग बालिका को पुणे से बरामद कर पुलिस अभिरक्षा में ग्वालियर लायी। पुलिस नाबालिग बालिका को न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम कार्यवाही कर रही हैं।


रूद्रा सोल्यूशनस
YAKUZA
ELECTRIC VEHICLES
मोटर, कन्ट्रोलर, चार्जर बैटरी पर 1 साल गारंटी के साथ मे
➤ 4 बैटरी स्कूटी अब मात्र = ₹ 33500/-
➤ 5 बैटरी स्कूटी अब मात्र = ₹ 37000/-
➤ 6 बैटरी स्कूटी अब मात्र = ₹ 40800/-
आसान किस्त सुविधा के साथ
BAJAJ FINSERV
MOB. 9039932167
पता – शताब्दीपुरम रेल्वे पुल के बगल से यादव धर्म कांटा मुरैना लिंक रोड ग्वालियर